श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 142, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार, 28 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# यूपी के हर गांव में किसान आंदोलन का असर टटोलेगी योगी सरकार

## नोडल अधिकारियों को सौंपा जिम्मा

**उत्तर प्रदेश में किसान आंदोलन की तपिश भांपने के लिए योगी सरकार ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जिलों में नोडल अधिकारी बनाकर भेजा है। रविवार को रवाना हुए ये सभी अफसर तीन दिन में यह रिपोर्ट भी तैयार करेंगे कि किस गांव में किसान आंदोलन का क्या असर है।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** कृषि कानूनों के खिलाफ विपक्षी दल माहौल को जितना गमार्ने को प्रयासरत हैं, सरकार उतनी ही सतर्क होती जा रही है। किसानों की समस्याओं को जानने-समाधान कराने से लेकर उत्तर प्रदेश में किसान आंदोलन की तपिश भांपने के लिए योगी सरकार ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जिलों में नोडल अधिकारी बनाकर भेजा है। रविवार को रवाना हुए ये सभी अफसर तीन दिन में यह रिपोर्ट भी तैयार करेंगे कि किस गांव में किसान आंदोलन का क्या असर है।

कोरोना वायरस के संक्रमण की स्थिति परखने के साथ ही सरकार की योजनाओं की जमीनी समीक्षा के लिए गत दिवस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोडल अधिकारी बनाए गए प्रशासनिक अधिकारियों को जिलों में जाने कर निर्देश दिया। इसी तरह गृह विभाग ने भी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में जिलों का जिम्मा सौंपकर भेजा है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी कहा है कि रविवार को सभी अधिकारी जिला मुख्यालयों पर पहुंच जाएं। सोमवार सुबह से काम शुरू कर मंगलवार शाम तक लखनऊ आकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीआइजी से एडीजी स्तर के इन अधिकारियों से कहा गया है कि डीएम, एसएसपी-एसपी का जिले के किसान संगठनों से संवाद कराएं। उनकी समस्याओं का वहीं समाधान कर गांव-कस्बे में ही रोकने की योजना बनाएं। पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को जिले के प्रमुख किसान नेताओं की सूची तैयार कर उनसे बातचीत करनी होगी। नोडल अधिकारी पुलिस और राजस्व विभाग की टीम भेजकर हर गांव में पता करेंगे कि किसान आंदोलन से किसानों के जुड़ने या न जुड़ने को लेकर क्या संभावना है। आंदोलन के संबंध में पूरी रिपोर्ट तैयार करनी होगी। साथ ही प्रभावशाली किसान नेताओं के गांवों में खुद वरिष्ठ अधिकारी दौरा करेंगे। शासन का जोर इस बात भी है कि किसानों की किसी भी प्रकार की समस्या न बचे। संवाद के लिए संबंधित इंस्पेक्टर और तहसीलदार को उत्तरदायी बनाया गया है, जबकि विकास से जुड़े सभी विभागों की टीम भी किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए भेजने का निर्देश दिया गया है।

# तीन दिवसीय दक्षिण कोरिया के दौरे पर रवाना हुए सेना प्रमुख

## रक्षा सहयोग बढ़ाने पर होगी चर्चा




**नई दिल्ली, एएनआइ।** आज यानी 28 दिसंबर से 30 दिसंबर तक भारतीय आर्मी प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे दक्षिण कोरिया के तीन दिवसीय दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही वह वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान वह दक्षिण कोरिया के कॉम्बेट ट्रेनिंग सेंटर में भी जाएंगे। मनोज मुकुंद नरवणे इस यात्रा के दौरान दक्षिण कोरिया के युद्ध प्रशिक्षण केंद्र पर भी जाएंगे। साथ ही वह डेजेन प्रांत में मौजूद एडवांस डिफेंस डेवलपमेंट का दौरा भी करेंगे।

इससे पहले चीन के साथ लगने वाली पूर्वी लद्दाख की वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी तनाव के बीच सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने 23 दिसंबर को बॉर्डर से सटे फॉरवर्ड इलाकों का दौरा किया था। बता दें कि कि एलएसी पर चीन के साथ चल रहे विवाद को 6 महीने से ज्यादा का समय हो गया है।

बता दें कि इसी साल फरवरी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष जेयोंग केयोंग डू से मुलाकात की थी। दोनों देशों के बीच मंत्री स्तर की इस वार्ता में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, आर्मी चीफ एमएम नरवणे और नेवी चीफ एडमिरल करमबीर सिंह भी शामिल थे।

# कांग्रेस की स्थापना दिवस से एक दिन पहले ही विदेश दौरे पर रवाना हुए राहुल

## इटली के लिए भरी उड़ान



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सोमवार को अपनी स्थापना के 136वें वर्ष में प्रवेश कर जाएगी। ऐसे में जब देश की सियासत नए कृषि कानूनों को लेकर गर्म है और किसान आंदोलन कर रहे हैं। किसानों की मांग का समर्थन करने वाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी विदेश दौरे पर रवाना हो गए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने बताया कि राहुल निजी दौरे पर इटली के मिलान शहर के लिए कतर एयरवेज की उड़ान से रविवार को दिल्ली से रवाना हुए।

सुरजेवाला ने कहा कि राहुल संक्षिप्त निजी दौरे पर गए हैं। माना जा रहा है कि राहुल की यह यात्रा हफ्ते भर की रहेगी। हालांकि सुरजेवाला ने यह नहीं बताया कि राहुल गांधी कहां गए हैं। इस बीच सूत्रों ने बताया कि राहुल सुबह कतर एयरवेज की उड़ान से इटली में मिलान रवाना हुए। मालूम हो कि राहुल गांधी की नानी इटली में रहती हैं। वह पहले भी उनसे मिलने इटली थे। सोमवार को कांग्रेस का 136 वां स्थापना दिवस है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया जाएगा। इससे पहले पार्टी महासचिव सुरजेवाला ने राहुल गांधी पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के हमले के बाद पलटवार करते हुए उन पर भ्रम फैलाने और बरगलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों के मसले सुलझाने के बजाय भाजपा नेतृत्व और सरकार भ्रम फैलाकर सच्चाई पर पर्दा डालना चाहती है। सुरजेवाला ने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुप रहने को लेकर भी सवाल उठाया।

सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा अध्यक्ष बरगलाने से पहले ये तो जान लेते कि आलू का एमएसपी नहीं होता। असल सवाल काले कानूनों के जरिए किसानों पर जो हमला किया गया है उसका है। उन्होंने सवाल पूछा कि देश के किसानों को छोड़कर सरकार 10 लाख टन आलू विदेश से क्यों आयात कर रही है? वहीं लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों के मन की बात नहीं सुन रहे हैं।

## पीएम मोदी 100वीं किसान रेल का आज करेंगे उद्घाटन, महाराष्ट्र से बंगाल के लिए होगी रवाना

**नई दिल्ली, एएनआइ।** सोमवार को 100वीं किसान रेल शुरू की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम को साढ़े चार बजे इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जो महाराष्ट्र के संगोला से पश्चिम बंगाल के शालीमार तक जाएगी। इस कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से मिली जानकारी के मुताबिक, मल्टी-कमोडिटी ट्रेन सेवा में फूलगोभी, शिमला मिर्च, गोभी, ड्रमस्टिक, मिर्च, प्याज के साथ-साथ अंगूर, संतरा, अनार, केला, कस्टर्ड सेब इत्यादि सब्जियां ले जाई जाएंगी। इस दौरान ट्रेन को रास्ते में रुकने और योग्य वस्तुओं की लोडिंग एवं अनलोडिंग की अनुमति होगी। भारत सरकार ने फलों और सब्जियों के परिवहन पर 50 फीसद की सब्सिडी दी है। बता दें कि इस साल सात अगस्त को देवलाली से दानापुर तक पहली किसान रेल शुरू की गई थी, जिसे मुजफ्फरपुर तक बढ़ा दिया गया था।

# कोरोना वैक्सीन की तैयारी : आज और कल पंजाब समेत इन चार राज्यों में होगा ड्राई रन



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** भारत में भले ही कोरोना वायरस वैक्सीन (उडश्क्क़- 19 श्रूंल्ली) की इमरजेंसी इस्तेमाल को मंजूरी नहीं मिली हो, लेकिन इसकी तैयारियां अंतिम चरण में है। इसी के मद्देनजर आज और कल टीकाकरण की व्यवस्थाओं के आकलन के लिए चार राज्यों में पूर्वाभ्यास होगा। ये चार राज्य पंजाब, असम, आंध्रप्रदेश और गुजरात हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी थी। इस दौरान वैक्सीन के कोल्डचेन से लेकर लोगों को लगाने तक की सभी प्रक्रिया परखी जाएगी। ताकि वैक्सीन वितरण से पहले खामियों को दूर किया जा सके।

अभ्यास में पूरी प्रक्रिया की ऑनलाइन निगरानी के लिए तैयार को-विन में आवश्यक डेटा भरने, टीम के सदस्यों की तैनाती, उनकी रिपोर्टिंग और शाम को होने वाली समीक्षा बैठक भी शामिल होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। इसमें कोरोना वैक्सीन के लिए कोल्ड स्टोरेज और ढुलाई की व्यवस्था का परीक्षण भी शामिल होगा।टीकाकरण केंद्र पर भीड़ प्रबंधन और शारीरिक दूरी जैसी कोरोना संबंधी दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने की प्रक्रिया को भी परखा जाएगा। अभियान के दौरान चारों राज्यों के दो-दो जिलों में पांच अलग-अलग केंद्रों पर अभ्यास होगा। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी केंद्र, निजी अस्पताल, ग्रामीण इलाके के केंद्र इनमें शामिल हो सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार वैक्सीन लागने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करने का काम तेजी से चल रहा है। जिल स्तर पर सबी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशिक्षण का काम पूरा हो चुका है।स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार वैक्सीन लगाने के लिए प्राथमिकता समूहों की पहचान हो गई है।

पहले चरण के दौरान 30 करोड़ लोगों का टीकाकरण होगा। इनमें तीन करोड़ स्वास्थ्यकमियों, सुरक्षाकमियों व सफाईकर्मियों के अलावा 50 साल से अधिक आयु के लगभग 27 करोड़ लोग शामिल होंगे। माना जा रहा है कि ऑक्सफर्ड की वैक्सीन को इस्तेमाल के लिए सबसे पहले मंजूरी मिल सकती है। सीरम इंस्टीट्यूट ने दवा नियामक को टीके के प्रभाव पर अतिरिक्त आंकड़े सौंप दिए हैं।

# ब्रिटेन से लौटे और उनके संपर्क में आए और कई लोग मिले संक्रमित

## मुंबई में 477 लोग किए गए क्वारंटाइन



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए रूप के सामने के बाद वहां से देश के विभिन्न भागों में लौटे और उनके संपर्क लोगों के संक्रमित मिलने का सिलसिला जारी है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और त्रिपुरा में कई लोग संक्रमित पाए गए। आंध्र प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक ब्रिटेन से लौटे लोगों के संपर्क में चार लोगों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। राज्य में ब्रिटेन से 1,216 लोग लौटे थे, जिनमें से छह लोग संक्रमित पाए गए थे। इनके संपर्क में आए गुंटूर में तीन और नेल्लोर में एक व्यक्ति को संक्रमित पाया गया है।

असम के बाद त्रिपुरा में भी ब्रिटेन से लौटे एक व्यक्ति को संक्रमित पाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इसके नमूने को पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआइवी) भेजा गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं यह कोरोना के नए रूप से तो संक्रमित नहीं है। इसके अलावा तेलंगाना और कर्नाटक में भी दो-दो लोगों को संक्रमित पाया गया है। ये लोग भी हाल ही में ब्रिटेन से लौटे थे।

वहीं, महाराष्ट्र में 26 दिसंबर को यूरोप और पश्चिम एशिया से लौटे 868 में से 477 लोगों को मुंबई में क्वारंटाइन किया गया है। 385 लोग दूसरे राज्यों में चले गए हैं। जबकि छह लोगों को सांस्थानिक क्वारंटाइन से मुक्ति दी गई है। इनमें बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और रोगी शामिल हैं। वहीं ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देशों से 25 नवंबर से 23 दिसंबर के बीच गुजरात आए 1720 यात्रियों में से कुल 12 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

सभी रोगियों के नमूने पुणे में राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान और गांधीनगर के गुजरात जीवविज्ञान शोध केंद्र में भेजा गया है ताकि पता लगाया जा सके कि उनमें कोविड की नई स्ट्रेन तो नहीं मौजूद है। कोविड की नई स्ट्रेन के सामने आने के बाद भारत ने 23 दिसंबर से ब्रिटेन से विमानों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं देश में कोरोना के संक्रमित मामलों की संख्या घटकर 2.78 लाख रह गई है जो 170 दिनों बाद सबसे कम है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सक्रिय मामलों में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है।

# आइटीबीपी ने जवानों के लिए पहली बार शुरू की ऑनलाइन शराब वितरण व्यवस्था




**नई दिल्ली, प्रेट्र।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) ने अपने सेवारत तथा रिटायर्ड जवानों के लिए पहली बार ऑनलाइन शराब वितरण व्यवस्था शुरू की है। सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले सेवारत जवानों तथा रिटायर्ड कर्मियों को मनचाहे ब्रांड की शराब मिलने में हो रही परेशानियों के समाधान के लिए इस अर्धसैनिक बल ने कुछ समय पहले केंद्रीयकृत शराब प्रबंधन व्यवस्था (सीएलएमएस) शुरू की थी। बल में करीब 90 हजार कर्मी हैं। आइटीबीपी जैसे अर्धसैनिक बल सरकारी नियमों के तहत शराब लेने के लिए अधिकृत हैं तथा पहली बार इसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था शुरू की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आइटीबीपी के जवान लंबे समय से अपने इलाके में अच्छी क्वालिटी की शराब उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे। अब तक यह व्यवस्था थी कि जवान या अधिकारी अपनी तैनाती वाली यूनिटों के कैंटीन से ही शराब खरीद सकते थे, न कि किसी दूसरे कैंटीन से। भले ही वह कैंटीन उनके गृह नगर में ही क्यों न हो।आइटीबीपी के प्रमुख एसएस देसवाल ने हाल ही में सीएसएमएस लांच किया है, जिसका पता बल के आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। पोर्टल के लिंक से सेवारत या रिटायर्ड कर्मी अपना अकाउंट खोलकर नजदीकी यूनिट का चयन कर सकते हैं तथा वहां भुगतान कर अपनी पसंद के ब्रांड की शराब खरीद सकते हैं। यह व्यवस्था पूरी तरह से पारदर्शी है।

पिछले दिनों भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने केंद्र सरकार से रोटेशन के आधार पर जवानों की तैनाती की व्यवस्था को बरकरार रखने की अपील की थी। इस बारे में आइटीबीपी का कहना है कि इस तरह की तैनाती से लगातार ऊंची और बर्फीली चोटियों पर डटे जवानों को अवकाश मिल जाता है। यह अवकाश उनके स्वास्थ्य की दृष्टि से जरूरी है। आंतरिक मोर्चे और सीमा पर आइटीबीपी के जवान 60:40 के अनुपात में तैनात किए जाते हैं।

# कोरोना के चलते एमपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र स्थगित

## आज से प्रस्तावित था तीन दिवसीय सत्र

**सोमवार से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र दस विधायकों सहित 61 अधिकारी-कर्मचारियों के कोरोना संक्रमित होने के कारण स्थगित कर दिया गया। सर्वदलीय बैठक में सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं ने सर्वसम्मति से सत्र को स्थगित रखने की बात कही।**



**भोपाल, स्टेट ब्यूरो)]।** सोमवार से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र दस विधायकों सहित 61 अधिकारी-कर्मचारियों के कोरोना संक्रमित होने के कारण रविवार को स्थगित कर दिया गया। रविवार को सर्वदलीय बैठक में सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं ने सर्वसम्मति से सत्र को स्थगित रखने की बात कही और इस पर सामयिक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) रामेश्वर शर्मा ने अंतिम निर्णय ले लिया। हालांकि, नवनिर्वाचित 28 विधायकों को सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलाई जाएगी।

सर्वदलीय बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष कमल नाथ ने कहा कि हमने नियम अनुसार कार्रवाई करने के लिए कहा है। यदि बैठक नहीं हो सकती है तो उस हिसाब से निर्णय लिया जाए पर विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश नहीं की जाए। समितियां बना ली जाएं ताकि कामकाज प्रारंभ हो सके।

संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों के सुझाव सुनने के बाद अध्यक्ष ने सत्र को स्थगित करने का निर्णय लिया है। बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने कोरोना की स्थिति को लेकर प्रस्तुतिकरण भी दिया। रविवार को ही विधानसभा के सत्कार अधिकारी संजय शर्मा के संक्रमित होने की रिपोर्ट आई थी। विधायक विश्रामगृह में काम करने वाले कर्मचारियों के अलावा विधानसभा सचिवालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी संक्रमित पाए गए हैं। कुछ हो गया तो जिम्मेदारी कौन लेगा।

सूत्रों के मुताबिक बैठक में कोरोना संक्रमण का खौफ स्पष्ट दिखाई दिया। जब सत्र को स्थगित करने की बात आई तो कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि यह गलत प्रक्रिया है। संसदीय कार्य मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि कुछ हो गया तो जिम्मेदारी कौन लेगा। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि यह विपक्ष का काम नहीं है। सत्र चला सकते हैं या नहीं, कितनी देर चलेगा, यह सरकार का काम है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुझ सहित अन्य विधायकों को संक्रमण हो चुका है। अध्यक्ष ने बताया कि गोलाकार सदन में सभी दीघाओं का उपयोग करने पर भी अधिकतम 105 सदस्यों की बैठक व्यवस्था बन सकती है। कांग्रेस की सुनीता पटेल, योगेंद्र सिंह, लाखन सिंह यादव, सिद्धार्थ कुशवाह, राकेश मावई और भाजपा के धर्मेंद्र लोधी, नागेंद्र सिंह, सीताराम आदिवासी, राजश्री सिंह, मालिनी गौड़। बैठक में कमल नाथ ने सुझाव रखा कि जिन विधायकों के प्रश्न लगे हैं, उन्हें बुलाकर जवाब दिए जाएं। संबंधित विभाग के मंत्री और अधिकारी विधानसभा के सामयिक अध्यक्ष की मौजूदगी में यह काम करें। इस सुझाव पर सामयिक अध्यक्ष ने कहा कि इस पर विचार जरूर किया जाएगा। सरकार अब लव जिहाद के खिलाफ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक की जगह अध्यादेश ला सकती है। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने इसके संकेत दिए। इसको लेकर सरकार सभी तैयारियां पूरी कर चुकी है। अनुपूरक बजट भी अध्यादेश के माध्यम से लाया जा सकता है क्योंकि अब सीधे फरवरी अंत में बजट सत्र ही होगा।

# ड्रग्स और देह व्यापार की कमाई को माना जाएगा कालाधन

## सफेमा के तहत राजसात करेगी एसआइटी

**ड्रग सप्लायर प्रीति जैन उर्फ आंटी उर्फ काजल उर्फ सपना पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआइटी) अब उस पर सफेमा के तहत कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसके तहत उसकी संपत्ति को राजसात करवाया जाएगा।**

**इंदौर, राज्य ब्यूरो।** ड्रग सप्लायर प्रीति जैन उर्फ आंटी उर्फ काजल उर्फ सपना पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआइटी) अब उस पर सफेमा के तहत कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसके तहत उसकी संपत्ति को राजसात करवाया जाएगा। एसआइटी का मानना है कि उसने जो धन अर्जित किया, वह कालाधन की श्रेणी में आता है।

एसपी (पूर्वी--2) विजय खत्री के मुताबिक आंटी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है। नाइजीरियन और ब्राजील तस्करों से उसके संबंध हैं। वह कालेज, स्कूल, पब, कैफे, बार, रेस्त्रां में वर्षो से ड्रग सप्लाई कर रही है। लाखों रुपये महीना खर्च करने वाली आंटी ने ड्रग्स से ही करोड़ों रुपये कमाए हैं। घर में साज-सज्जा का सामान, बेटे यश के लिए खरीदी कारें, ज्वेलरी और बैंक खातों में लाखों का बैलेंस भी ड्रग्स बेचकर जमा किया है। ऐसे मामले में पुलिस अब राजसात करने का प्रस्ताव तैयार कर रही है। सफेमा यानी स्मगलर एंड फॉरेन एक्सचेंजर मैनिपुलेटर एक्ट के तहत मुंबई मुख्यालय में प्रस्ताव भेजा जाएगा। पुलिस ने आंटी के अलावा फाइनेंसर हरीश अरोरा के बेटे निखिल अरोरा और मार्बल कारोबारी जैद को भी एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया है। कई अभी फरार हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या पुलिस आंटी पर ही सफेमा के तहत कार्रवाई करेगी या रसूखदारों पर भी इसका शिकंजा कसा जाएगा।

## संक्षेप समाचार

### अमोनिया गैस रिसाव मामले में हादसे की जांच रिपोर्ट शासन को भेजी गई

**प्रयागराज।** इफको फैक्ट्री (फूलपुर) में अमोनिया गैस रिसाव और दो अफसरों की मौत के मामले में जांच रिपोर्ट शनिवार को शासन को भेज दी गई। अब जांच कमेटी फैक्ट्री के प्रबंधक के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में अभियोग पंजीकृत कराने की कार्रवाई शुरू करेगी। मंगलवार की देर रात इफको फैक्ट्री में अमोनिया गैस के रिसाव से दो अफसर वीपी सिंह और अभय नंदन की मौत हो गई थी। जबकि, 13 लोग घायल हुए थे। कमेटी की तीन दिनों की जांच में फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही सामने आई थी। जिस प्लंजर के टूटने से अमोनिया गैस का रिसाव हुआ था वह बहुत कमजोर था। माना जा रहा है कि प्रबंधन समय पर प्लंजर को बदल दिया होता तो शायद इतना बड़ा हादसा न हुआ होता। उप निदेशक (फैक्ट्री) अभय कुमार गुप्ता ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्रमुख सचिव (श्रम विभाग), लेबर कमिश्नर और एक प्रति उप श्रमायुक्त को भेज दी गई है। उनके मुताबिक कमेटी में शामिल सहायक निदेशक (कारखाना) वाराणसी द्वारा प्रबंधक के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में अभियोग पंजीकृत कराने की कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार बाइक चलाना युवक को पड़ा महंगा, हुई दर्दनाक मौत





युवक की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन व घटनास्थल पर मौजूद पुलिस

**प्रयागराज।** जनपद के यमुनापार इलाके में विकासखंड उरुवा अंतर्गत ग्राम सभा मदरा मुकुंदपुर (दुखी का पूरा) निवासी शाहिद शेख (20 वर्ष) पुत्र इंदरीश अली की सोनार के तारा बाजार में अपने दोस्त से मिलने जाते वक्त तेज रफ्तार बाइक पलटने की वजह से मौत हो गई। उसने एक तो हेलमेट नहीं लगा रखा था और ऊपर से गाड़ी की रफ्तार भी बेतहाशा थी। यह चूक जानलेवा साबित हुई। खबर उसके घर पहुंची तो परिवार के लोग रोने कलपने लगे। पूरे मोहल्ले में गम का साया पसर गया। स्थानीय पुलिस भी पहुंची और शव को सुपुर्दगी नामा लिखाकर बिना पोस्टमार्टम कराए स्वजनों के हवाले कर दिया।

50 मीटर दूर तक घिसट गई बाइक

मदरा मुकुंदपुर (दुखी का पूरा) निवासी शाहिद शेख दो भाइयों व एक बहन में सबसे छोटा था। वह पोताई का काम कर परिवार के जीविकोपार्जन में सहयोग करता था। मौजूदा समय में वह ऊंचडीह बाजार में वह पोताई का काम कर रहा था। वहां से शाहिद अपने दोस्त से मिलने के लिए सोनार का तारा बाजार के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार होने के कारण उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। वह बाइक समेत सड़क पर जा गिरा। सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी वहीं सड़क पर ही मौत हो गई। उसने हेलमेट नहीं लगा रखा था। बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह करीब 50 मीटर दूर तक घिसट गई। पता चला तो परिवार के लोग रोते बिलखते वहां पहुंच गए। भीड़ लगी तो खबर पाकर सिरसा चौकी इंचार्ज हरगोविंद सिंह व जेवनियां चौकी के सिपाही पहुंच गए। परिवार के लोगों से सुपुर्दगी नामा लिखवाकर शव उनके हवाले कर दिया गया।

## चाचा ने लगाया चोरी का इल्जाम, भतीजे ने किया आत्मदाह का प्रयास

स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय मे जीवन और मौत से जूझ रहा है बृजेश



**कौधियारा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामपंचायत कुकुढी मे चाचा राजेंद्र प्रसाद केसरवानी उर्फ बब्बू के घर शनिवार को गल्ला चोरी हो गया था। रविवार को सुबह चाचा ने भतीजे बृजेश केसरवानी उर्फ नीलू 19 पुत्र राधेश्याम केसरवानी के खिलाफ कौधियारा थाने मे नामजद शिकायती पत्र दिए जाने पर कौंधियारा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए बृजेश केसरवानी को बुलाने के लिए कौंधियारा थाने से दो सिपाही भेजा। सिपाही घर पर पहुंचते उसके पहले ही बृजेश केसरवानी ने अपनी बाइक से पेट्रोल निकाल कर अपने ऊपर डालकर खुद को आग लगा लिया । स्वजनों द्वारा रजाई डालकर बचाने का प्रयास किया गया ।तब तक सिपाही सत्येंद्र कुमार व प्रमोद गुप्ता भी पहुंच गए सिपाहियों ने 108 एंबुलेंस बुलाकर स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज ले गए जहां भार्ती कर बृजेश कुमार केसरवानी का उपचार किया जा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव सड़क के निकट मिला, घर में मचा कोहराम

मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम गमरहटा के पास सड़क के निकट नाले के पास बाइक और युवक के शव को पुलिस ने बरामद किया है



युवक का शव मिलने के बाद जुटी ग्रामीणों की भीड़

**मऊआइमा।** बहन को बाइक से पहुंचा कर अपने घर लौट रहा युवक घर तो नहीं आया । परन्तु उसकी मौत की सूचना जरुर आ गई। यह सुन कर पूरे घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के पिता ने थाने में इत्तेफाकिया तजकरा दर्ज कराया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चक फैजुल्ला उर्फ भौंका निवासी दिलीप कुमार 35 वर्ष पुत्र छेदी लाल शनिवार को शाम के समय अपनी बहन को उसके ससुराल पहुंचाने बाइक से प्रतापगढ़ गया था । देर रात दिलीप कुमार घर नहीं आया । रविवार को सुबह ग्राम गमरहटा के पास दिलीप कुमार की हत्या करके शव नाले एंव बाइक सडक के निकट नाले में मिलने की सूचना मिलते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। मौके पर रोते बिलखते परिजन पहुंच गए तथा भारी भीड़ एकत्रित हो गई । सूचना पर मऊआइमा और बहरिया थाने की पुलिस पहुंच कर सीमा विवाद में कुछ समय उलझी रही । बाद में अधिकारियों के निर्देश पर दिलीप कुमार के शव को मऊआइमा पुलिस थाने लाए । जहां दिलीप कुमार के सिर में गंभीर चोटें थी । मृतक दिलीप कुमार के पिता छेदी लाल ने मऊआइमा थाने में इत्तेफाकिया तजकरा दर्ज कराया है कि उनका पुत्र दिलीप कुमार का शव ग्राम गमरहटा के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है । पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । मृतक के चार पुत्रियां हैं जो छोटी छोटी हैं । मृतक दिलीप कुमार दिल्ली में रहता था । बताया गया है कि लाकडाउन में घर आया तो वह दिल्ली न जा कर गांव में ही चाट की दुकान करने लगा । मऊआइमा इंस्पेक्टर राम केवल पटेल का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी । वैसे मृतक को देखने से दुर्घटना प्रतीक हो रहा है । दिलीप कुमार की मौत पर पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## तमंचे के बट व लाठी से पीट युवक को अधमरा कर छीन लिए सोने की चैन व नगदी



अस्पताल में घायल मुकेश

**घूरपुर।** इलाके के अमिलिया गांव में काम पर जा रहे युवक को रंजिशन घात लगाए बैठे बदमाशों ने रास्ते में रोककर तमंचा के बट और लाठी, लोहे की रॉड से पीट अधमरा कर गले से सोने की चैन व दस हजार नगदी छीन धमकी देते भाग निकले। पीड़ित ने आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ नामजद शिकायती पत्र पुलिस को दिया है। जिस पर पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया है।

घूरपुर के अमिलिया गांव निवासी मुकेश यादव (40) पुत्र धर्मराज सिंह यादव गांव के ही पास रेलवे द्वारा बनाए जा रहे मार्ग पर काम करता है। रविवार की सुबह वह काम पर जा रहा था कि गांव के एक बदमाश युवक रंजिशन अपने आधा दर्जन साथियों के साथ घात लगाए बैठा था। और रास्ते में रोककर तमंचा की बट और लाठी , लोहे की रॉड से हमला कर मारपीट उसे अधमरा कर गले में पहने सोने की चैन व पर्स में रखें दस हजार रूपए छीन धमकी देते भाग निकले। सूचना पर पहुंचे परिजन ने घायल युवक को एक निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाज के लिए भर्ती कराया। और पुलिस को आधा दर्जन आरोपितों के खिलाफ नमाजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## शास्त्री पुल से गंगा में कूदी महिला, बचाई जान

**प्रयागराज।** शास्त्री पुल से रविवार दोपहर एक महिला ने गंगा में कूदकर जान देने की कोशिश की। उस वक्त गंगा में मौजूद लोगों ने उसे सुरक्षित बचा लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दारागंज पुलिस ने एंबुलेंस से महिला को एसआरएन अस्पताल भेजा। महिला ने जान देने की कोशिश क्यों की, यह पता नहीं चल सका। पुलिस का कहना है कि महिला की हालत में सुधार होने के बाद पूछताछ की जाएगी। संगम चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार ने बताया कि सैदाबाद के रहने वाले विमलेश पटेल की 30 वर्षीय पत्नी अनुराधा पटेल रविवार को शास्त्री पुल पर पहुंची और अचानक गंगा में कूद गई। गोताखोर व स्थानीय लोगों ने महिला को कूदते हुए देख लिया। तत्काल उसे बचा लिया। थोड़ी देर में पुलिस भी पहुंच गई। महिला पुलिस एंबुलेंस से लेकर उसे अस्पताल गई। एसआरएन अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। पुलिस महिला के परिजनों से संपर्क करने में लगी है।

## युवा राष्ट्र का निर्माता एवं विधाता होता है : इं0 प्रणव त्रिपाठी



इं0 प्रणव त्रिपाठी के साथ कार्यकर्ता

**सैदाबाद।** मिशन मोदी अगेन स्रे काशी प्रांत युवा मोर्चा के अध्यक्ष इंजीनियर श्री त्रिपाठी को अपने बीच में पाकर कार्यकर्ता प्रसन्नता से झूम उठे अपने नेता को अपने नजदीक देख कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ उनके स्वागत समारोह की तैयारी की जिसमें आज गंगा पार में कोटवा एवं मुरार पट्टी ग्राम सभाओं के कार्यकताओं द्वारा स्वागत का कार्यक्रम रखा गया कार्यकताओं ने पुष्प कुछ के साथ-साथ माल्यार्पण कर काशी प्रांत अध्यक्ष का स्वागत किया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इंजीनियर्स त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होते हैं यह समाज के संवाहक होते हैं और ऐसा कहा भी जाता है कि जिस ओर जावानी चलती है उस ओर जमाना चलता है । आज राष्ट्र के प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी हो अथवा उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में बढ़ रहे आदरणीय योगी जी हो दोनों का भगीरथ प्रयास देश का खोया गौरव पुनः वापस करने की ही है ।

सभी युवाओ को इस राष्ट्र यज्ञ में अपने हिस्से की आहुति रूपी सेवा अवश्य करनी ही चाहिए राष्ट्र हमारे स्वाभिमान का विषय होता है । मिशन मोदी का लक्ष्य देश को परमवैभव पर ले जाने वाले आदरणीय मोदी जी के सपनों का भारत निर्माण करना ही है ।

इस अवसर पर हिमांशु त्रिपाठी, बृजेश त्रिपाठी, अमन मिश्रा, प्रखर मिश्रा, देशदीपक यादव, पवन तिवारी, नरेंद्र प्रताप सिंह, अभिजीत, करतार यादव, विजय यादव, राज यादव, सुधीर त्रिपाठी, प्रकाश, सुधाकर, ज्योति प्रकाश, जगदीश, सोमधर, महेश आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से स्वच्छता ग्राही की गई जान





मौत के बाद रोते बिलखते परिजन व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के बसमहुआ गांव के सामने शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बहरिया में तैनात स्वच्छता ग्राही की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे पीआरबी पुलिस ने तत्काल सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनी ले गई। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए प्रयागराज भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत कसेरूआ कला गांव निवासी लाल चंद्र बिंद पुत्र स्वर्गीय मातादीन बिंद बहरिया ब्लाक में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत रहे। शनिवार को सायंकाल लगभग 6.30 बजे बहरिया ब्लाक से वापस घर लौटते समय थरवई थाना क्षेत्र के सहसों फाफामऊ रोड पर बसमहुआ गांव के सामने अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे लालचंद के सिर में गंभीर चोट आ गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनी ले गयी । जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। लालचंद दो भाइयों में सबसे बड़े थे। लालचंद की पत्नी सुमित्रा तथा पांच बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### हेलमेट भी नहीं बचा सका लालचंद को

**सहसों।** दुर्घटना में जान गवाने वाले लाल चंद्र बिंद ड्यूटी के पक्के तथा नियम के भी पक्के थे। बाइक से बहरिया से वापस घर लौटते समय उन्होंने हेलमेट भी लगा रखी थी। परंतु होनी को कौन टाल सकता है। सामने से आ रही अज्ञात वाहन की टक्कर इतनी तेज थी कि हेलमेट के परखच्चे उड़ गए और लालचंद के सिर में गंभीर चोटआ गई। जिसके कारण लालचंद की जान चली गई।

## खगिया स्पोर्टिंग क्लब की आइका कप के उद्घाटन मुकाबले में शानदार जीत



शतकवीर बल्लेबाज फैसल खान को मिला मैन ऑफ द मैच पुरस्कार

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सिसई सिपाह स्थिति ग्राउंड में आयोजित आइका कप सीजन-6 के उद्घाटन मुकाबले में खगिया स्पोर्टिंग क्लब में शानदार जीत दर्ज की। ओएसके ग्रुप बाकराबाद की टीम को खगिया ने 62 रनों से हराया।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी खगिया स्पोर्टिंग क्लब की टीम ने फैसल खान के 14 छक्कों और 5 चौकों से सजी 116 रन की शानदार पारी के दम पर निर्धारित 10 ओवरों में दो विकेट खोकर 167 रन बनाए। ओएसके ग्रुप स्पोर्टिंग क्लब बकराबाद की ओर से गेंदबाज विश्वजीत और शहजाद खान को एक-एक विकेट मिला। जवाब में खेलने उतरी ओएसके ग्रुप बकराबाद की टीम शक्तिमान के 24 गेंदों में शानदार 54 रन के प्रयास के बावजूद निर्धारित 10 ओवरों में आठ विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। उद्घाटन मुकाबले के शतकवीर बल्लेबाज फैसल खान को मैन आफ द मैच का पुरस्कार मिला।

इसके पहले मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व उपाध्यक्ष आदिल हमजा साहिल एवं सामाजिक इंसाफ मोर्चा के अध्यक्ष साजिद अली ने फीता काटकर टूनामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंजूर अली बाकराबादी, कामरान अहमद आइका, साजिद खान पत्रकार, गुफरान मलिक, ज्ञानेंद्र यादव पार्थ, भाजपा नेता दिलशाद कल्लू, सबील अहमद, उबैद खान, जावेद खान, अनवर सिद्दीकी, फरहाद, नजमुद्दीन, अतीक अहमद, अब्दुल कादिर, मोहम्मद अनस, मुन्ना ठाकुर, हुजैफा, परवेज अख्तर, नीरज तिवारी एवं ठाकुर अदनान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने सुनी पीएम की मन की बात

**सहसों।** वर्ष २०२० के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार २७ दिसंबर को गयारह बजे रेडिओ पर की गई मन बात को सहसों मंडल भाजपा के महामंत्री पवन कुमार शुक्ल की नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुनी, प्रधानमंत्री द्वारा की गई मन की बात देश में फैली महामारी कि चर्चा करते हुए कहा सभी देशवासी ने ताली व थाली बजाकर स्वागत किया था कि जिस तरह वह आया था उसी तरह वापस चला जाय । दिल्ली में मेड इन इण्डिया का खिलौन खरीदने एकेरल के एक ब्यक्ति द्वारा भेजे गए पत्र में आत्म निर्भर भारत का चार्ट बनाने का जिक्र किया। इसके अतिरिक्त पीएम ने कौशाम्बी जेल के कैदियों द्वारा बनाये गए कम्बलों का भी जिक्र किया। मोदी की मन कि बात को सुन रहे लोगों ने सुन। सभी लोगो ने प्रति क्रिया ब्यक्त करते हुए कहा कि पीएम द्वारा देश के लोगों द्वारा किये जा रहे प्रसंसनीय कार्य की सराहना सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

## कृषि कानून किसानों को उद्योगतियों का कठपुतली बना देगा : अनिल सिंह



किसान चौपाल में किसानों को संबोधित करते चाका ब्लाक अध्यक्ष अनिल सिंह पटेल

**घूरपुर।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कृषि काननू यदि लागू हुआ तो किसान उद्योगतियों का कठपुतली बन जायेगा। कृषि कानून का महीनों से पूरे देश के किसान विरोध कर रहे है। लेकिन सरकार किसानों की मांग अनसुनी कर रही है। उक्त बातें पालपुर गाव में आयोजित समाजवादी पार्टी की किसान चौपाल में चाका ब्लाक अध्यक्ष अनिल सिंह पटेल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा। आगे कहा कि किसान की मांग जबतक पूरी नही होती तब किसानों का आंदोलन रुकने वाला नही है। दिनों दिन आंदोलन बढ़ता जायेगा। किसान जागरूक हो चुका है। अपनी अच्छाई बुराई भलीभांति समझता है। शीतला प्रसाद पांडेय, शिलवंत यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य अमर चन्द्र पटेल, मोजिज अब्बास आदि ने भी किसानों को संबोधित किए। किसान चौपाल में भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### प्रधान विकास की अहम कड़ी : कृष्णानंद

**करमा।** कुछ ही माह बाद प्रदेश में आम पंचायत चुनाव होनें हैं जिसको लेकर क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर प्रत्याशियों से लेकर चुनाव की तिथियों कों लेकर चचाओं का दौर जारी रहीं हैं । ग्राम प्रधान से लेकर जिला पंचायत सदस्य कें प्रत्याशी अपने विभिन्न तरीकों से लोगों में पैठ जमाने की कोशिशों कों अंजाम देनें में जुटे हैं ।युवा समाजसेवी एवम शिक्षक कृष्णानंद शुक्ल कें मुताबिक ग्राम प्रधान विकास की अहम कड़ी मानें जाते हैं इसलिए समुचित विकास एवम सम्मान हेतु लोग जाति -धर्म से ऊपर उठकर प्रत्याशी चुनें इसी प्रकार क्षेत्र पंचायत एवम जिला पंचायत के पद भी विकास एवम सम्मान कें दृष्टि से काफी अहम होते हैं इसलिए अच्छे समाज एवम राष्ट्र कें निर्माण में जनप्रतिनिधियों कों जुझारू एवम चरित्रवान होना परम आवश्यक हैं अतः सभी लोग नेक प्रत्याशियों का चयन करें इसके साथ ही युवा समाजसेवी श्री शुक्ल नें पंचायत चुनाव से जुड़े अनेकों प्रभावशाली तथ्यों पर भी अपने विचार प्रकट करतें हुए बोलें कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय समेत आसपास कें सभी युवा जो सक्रिय रूप से विभिन्न राजनैतिक दलों एवम सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं ऐसे लोग पंचायत चुनाव में अवश्य भाग लें चाहें वह प्रत्याशी कें रूप में आएं या अच्छे प्रत्याशियों कें समर्थन में लोगों का अपना मार्गदर्शन प्रदान करें।

## जसरा रेलवे ट्रैक पर 4 दर्जन कटी भेंड़, मचा हड़कंप

**जसरा।** जसरा रेलवे स्टेशन के पास लाइन पार कर रहे भेड़ों का झुंड ट्रेन की चपेट में आ गए। दो चरवाहों के जीवन यापन का एक मात्र साधन खत्म होने से चरवाहों के सामने अंधेरा छा गया। दोनों भेंड़ पालक लाखों का नुकसान देख हाथ मलते रह गए।

बताया जाता है कि सुबह साढ़े दस बजे भेड़ी चराने के लिए लालापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुजौना का पुरवा पूरे किन्नर निवासी कल्लू पाल व किलोलाल पाल लगभग दो सौ भेड़ियों सहित स्टेशन के पास से लाइन पार कर रहे थे । लाइन पार करके उन लोगों को रेरा गांव की तरफ जाना था। उसी समय प्रयागराज से मुंबई की तरफ जा रही ट्रेन के अचानक आ जाने से भेंड़ पालक कल्लू पाल व उसका साथी ट्रेन को देखकर इधर उधर भागकर बच गए।




जसरा रेलवे स्टेशन के पास मृत भेड़ें व जुटी भीड़

किंतु तब तक भेड़ों का पूरा झुंड रेलवे लाइन पर आ चुका था। देखते ही देखते लगभग पचास भेड़ ट्रेन की चपेट में आ गए । जिसकी मौके पर ही मौत हो गई । शेष बची भेंड़ियों को किसी तरह से ट्रेन रुकने के कारण बचा लिया गया। भय से कांपते हुए दोनों भेंड़ पालक बचे हुए भेड़ों को ले करके वापस जल्दी-जल्दी रेलवे विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए अपने घर की ओर भाग गये। अगल-बगल गांव के लोगों ने घायल भेड़ि यों को उठा करके अपने घर लेते गए` रेलवे स्टेशन के इर्द-गिर्द चारों तरफ मांस के बड़े-बड़े लोथड़े ही दिखाई पड़ रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही आस पास के ग्रामीणों का स्टेशन के इर्द-गिर्द काफी भीड़ देर तक डटी रही।


### छः माह पूर्व रेलवे ट्रैक पर कटीं थीं गायें

रेलवे ट्रैक पर आवारा गोवंशों का एक झुंड छः माह पूर्व अमरेहा गांव के सामने रात में ट्रैक पर आराम फरमा रहे थे। उसी समय किसी ट्रेन की चपेट में आने पर आधा दर्जन गायें ट्रेन से कट गई थीं। कुछ गायें घायल होकर पटरी पर पड़ी मिली थीं । उनको हटाने में प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी।

### कपड़ा व्यापारी की हत्या का आरोपी जीशान गिरफ्तार

**प्रयागराज।** कपड़ा कारोबारी नीरज जायसवाल मर्डर केस में नामजद आरोपी जीशान को शिवकुटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वारदात के बाद से जीशान फरार हो गया था। अब पुलिस उसके बाइक सवार दूसरे साथी की तलाश में लगी है। जोंधवल निवासी नीरज जायसवाल कपड़ा कारोबारी था। 10 दिसंबर की रात वह अपने छोटे भाई के साथ दुकान बंद करके घर जा रहा था। रास्ते में घात लगाए बाइक सवार बदमाशों ने तेलियरगंज इलाके में नीरज पर ताबड़तोड़ गोलियों की बौछार कर दी। तीन गोली लगने से उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली जिसमें पीछा करते हुए जीशान नजर आया। व्यापारी के भाई ने जीशान के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। शिवकुटी पुलिस 15 दिन से जीशान की तलाश में छापेमारी कर रही थी। प्रयागराज के अलावा कौशांबी में भी दबिश दी थी लेकिन वह पकड़ा नहीं गया था। पुलिस ने बताया कि शनिवार को मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी जीशान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की मानें तो उसके चाचा की हत्या हुई थी जिसमें मृतक कपड़ा कारोबारी नीरज नामजद था। उसी को बदला लेने के लिए हत्या की बात सामने आई।

## भौंकते हुए कुत्ते ने दौड़ाया तो मार दी गोली



गोली लगने से घायल कुत्ता

**प्रयागराज।** करेली में रविवार दोपहर एक युवक ने कुत्ते के दौड़ाने पर उसे गोली मार दी। वारदात अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया। गोली लगने से जख्मी कुत्ता वहीं गिर पड़ा। यह देख मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचना दे दी। जानवरों के डॉक्टर की मदद से पुलिस कुत्ते का इलाज करा रही है ।बताया जा रहा है कि भावापुर करेली का एक युवक रविवार दोपहर में एक गली से गुजरा। उस वक्त गली के कुत्तों ने युवक को घेर लिया। भौंकते हुए उसे दौड़ा लिया। इससे नाराज युवक ने कुत्ते पर गोली चला दी। एक कुत्ते की गर्दन के पास गोली लगी है। सूचना मिलने पर करेली थाना प्रभारी बृजेश सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक का पता लगाया जा रहा है। अगर आरोपी ने लाइसेंसी असलहे से फायरिंग की होगी तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अवैध असलहा होगा तो आर्म्स एक्ट में मुकदमा होगा।

## खाक चौक व्यवस्था समिति से नाराज हैं कई संत-महात्मा, जमीन वितरण में हो रही मनमानी

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में खाकचौक का विवाद खत्म नहीं हो रहा है। पहले मनचाही जगह के लिए खाकचौक व्यवस्था समिति ने मेला प्रशासन के खिलाफ धरना दिया। जमीन मिली तो आपसी विवाद शुरू हो गया है। खाकचौक के प्रतिष्ठित महात्माओं का स्थान नियम विरुद्ध बदलने का आरोप लगाया जा रहा है। महात्मा प्रशासन से हस्तक्षेप करके तय स्थान पर जमीन देने की मांग कर रहे हैं। ऐसा न होने पर शिविर न लगाकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की चेतावनी दी है।

खाकचौक व्यवस्था समिति ने रामानंदाचार्य मार्ग 'अ व महावीर मार्ग चौराहा पर शिविर लगाने वाले महात्माओं को अबकी जमीन नहीं दी। प्रतिष्ठित संत स्वामी रामतीर्थ दास भी उसमें शामिल हैं। वे बताते हैं कि 24 दिसंबर को उन्हें तय स्थान पर जमीन दी गई लेकिन, शाम तक स्थान बदल दिया गया। उन्हें समुद्र कूप की कीचड़ में जमीन दी गई। मना करने पर एक नंबर पुल गंगा किनारे शिविर लगाने को कहा जा रहा है। ऐसे दर्जन भर महात्माओं के साथ अभद्रता हो रही है। कहा कि उन्हें तय स्थान पर जमीन न मिली तो वह शिविर नहीं लगाएंगे। समिति की मनमानी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे, प्रशासन को भी उसमें पार्टी बनाएंगे, क्योंकि नियमानुसार जमीन वितरण कराने की जिम्मेदारी प्रशासन की है। वहीं, समिति के अध्यक्ष सीताराम दास ने असंतोष दूर करके नियमानुसार कार्रवाई की बात कही है। माघ मेला में वैसे भी इस बार बहुत देरी से तैयारी हो रही है। कुछ ही दिन रह गए हैं लेकिन अब तक मेले में जरूरी इंतजाम नहीं हुए हैं।

### पत्नी की शिकायत पर पहुंची पुलिस, की जांच पड़ताल

**नैनी ।** एडीए कालोनी की रहने वाली नीलम शर्मा ने शनिवार की रात में अपने मायके दारागंज से नैनी पुलिस को फोन किया कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। और दूसरी महिला नैनी स्थित घर पर कब्जा कर ली है। पुलिस ने नीलम शर्मा को उनके घर बुलाया। वहां बाहर से ताला लगा था। नीलम शर्मा ने बताया कि पड़ोस के लोगों ने बताया है कि उसका पति राजीव शर्मा एक महिला के साथ यहां रह रहा है। रात मे तो पुलिस वापस लौट गई, सुबह फिर से नीलम शर्मा ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली तो पड़ोसी के घर की छत से राजीव शर्मा के घर में महिला पुलिस के साथ पुलिस वाले अंदर घुसे। पूरे घर की तलाशी ली गई लेकिन अंदर कोई मिला नहीं। जिसके बाद पुलिस नीलम शर्मा को यह कहकर वापस चली गई कि जब उसका पति आए तो पुलिस को सूचना दें। जिससे उसके पति से पूछताछ की जा सके।

## पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा की अस्थियां संगम में हुई विसर्जित

**प्रयागराज।** पूर्व राज्यपाल व वरिष्ठ कांग्रेस नेता, राज्यसभा सांसद मोतीलाल वोरा की अस्थियां रविवार को संगम में विसर्जित हुई। अस्थियां विसर्जित करने से पहले प्रयागराज में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि, श्रद्धांजलि अर्पित किया। रविवार को एयरपोर्ट पर पूर्व राज्यपाल व वरिष्ठ कांग्रेस नेता, राज्यसभा सांसद मोतीलाल वोरा की अस्थियां लेकर उनका पुत्र अरुण बोरा परिजनों के साथ पहुंचे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद प्रमोद तिवारी ने अगवानी की तथा परिजनों को लेकर संगम तट पर पहुंचे। संगम तट पर पहले से ही कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिन्होंने अपने दिवंगत नेता के अस्थियों पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके पश्चात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि बोरा जी का प्रयागराज से विशेष लगाव था उन्होंने





पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते व संगम में अस्थियां विसर्जित करने जाते कांग्रेस नेता

राज्यपाल कार्यकाल के दौरान शहर के लिए कई योजनाएं दीं। तथा गंगा पार अध्यक्ष रामकिशुन सिंह पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऐसा नेता खोया है जिसका भरपाई करना नामुमकिन है। स्वर्गीय मोतीलाल वोरा के बारे में बताते बताते गंगा पार जिला अध्यक्ष रामकिशुन सिंह पटेल भावुक हो गए। वहां मौजूद सभी कांग्रेसी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं की आंखें नम हो गई। श्रद्धांजलि देने वालो मेंः उज्वल शुक्ला, अरुण तिवारी, रामकिशुन पटेल, नफीस अनवर, जिलाध्यक्ष खुशनवेदा फारूखी, शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस श्रीमती अल्पना निषाद, सत्या पाण्डेय, चमन रावत, सुधाकर तिवारी, विवेकानंद पाठक, मुकुन्द तिवारी, मकसूद खान, तलत अजीम, हसीब अहमद, फुज़ैल हाशमी, किशोर वार्ष्णेय, संजय तिवारी, सुरेश यादव, अनिल पाण्डेय, तस्लीमउद्दीन, उदय यादव, महेश तिवारी, विजय मिश्रा समेत आदि लोग मौजूद थे।

## सपा एमएलसी डा० मानसिंह का हुआ भव्य स्वागत

### महुलिया चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर दी बधाई

**फूलपुर।** कार्यकर्ताओं का सम्मान समाजवादी पार्टी में ही निहित है। कार्यकर्ता जिस तरह से पार्टी के हित में दिन-रात मेहनत करते हैं वह अत्यन्त सराहनीय है। जनता ने मुझ पर विश्वास कर विधायक का ताज दिया है। मैं हमेशा उनका ऋणी रहूंगा। उक्त बातें इलाहाबाद-झांसी स्नातक एमएलसी का चुनाव जीतने के बाद रविवार को महुलिया चौराहे पर समर्थकों से मिलने पहुंचे विधायक डॉ मान सिंह यादव ने कार्यकताओं के बीच कही। इस दौरान सपा कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित विधायक का भव्य स्वागत किया। सपा नेता उदयराज यादव के नेतृत्व में महुलिया चौराहे पर जुटे कार्यकताओं ने नव निर्वाचित विधायक को माला पहनाकर उन्हें क्षेत्र की समस्यायों से अवगत कराया। वहीं विधायक ने




एमएलसी विधायक डा० मानसिंह यादव का स्वागत करते हुए सपा कार्यकर्ता

कार्यकताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने व क्षेत्र की समस्यायों को सुलझाने का आश्वासन दिया। सपा नेता उदय राज यादव ने विधायक मानसिंह यादव को माला पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि हमें ऐसे ही तेज तर्रार जन सेवक विधायक की आवश्यकता थी जो क्षेत्र की समस्यायों को दूर करने के लिए संघर्षरत रहे। में अनेक प्रकार की समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने जमीनी स्तर पर कार्य किया है। अब वह दिन दूर नहीं जब हम सूबे में सपा की सरकार बनाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर राजकुमार पटेल,डा०एस०पी सिंह, दिनेश यादव, सुरेश यादव, महाबली यादव, अजय पटेल, एडवोकेट, दानबहादुर यादव, अमरजीत सहित अन्य सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**मेजा।** मेजा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बता दें कि मेजा थाना क्षेत्र के जेवनिया पुलिस चौकी प्रभारी आशुतोष दीक्षित, हेड कांस्टेबल धीरेंद्र नारायण, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल राजकुमार प्रधान के द्वारा थाना मे पंजीकृत अपराधी रविशंकर भारतीया उर्फ टिंकल पुत्र शिवनाथ भारतीया निवासी चिलबिला थाना मेजा को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल सुपर स्पेलेंडर यूपी 70 एफ एच 4291 के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की गई।

## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा दो को भेजा जेल, सामान बरामद

**उतरांव।** उतरांव पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हासिल हुई जब पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो वांछित अभियुक्तों को बहुत ही सफलता के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा पुलिस ने चोरी के सामान भी बरामद किए। 10 दिन पूर्व हुए भदवा गांव में पुलिस ने चोरी का खुलासा किया। पुलिस बहुत ही सक्रियता के साथ मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त गंगा प्रसाद यादव उर्फ भानु प्रताप पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोहिद्दीन पुर थाना सराय ममरेज व सावन निर्मल पुत्र प्रेमचंद निर्मल निवासी बलदिया थाना उत्तराव को लल्ला सिंह इंटर कॉलेज मोड़ भदवा से



पुलिस की गिरफ्त में चोर

गिरफ्तार कर उनकी तलाशी लेने पर चोरी में संलिप्त एक मोबाइल फोन, 3 पायल सफेद धातु, एक पिट्ठू बैग जिसमें पैंट शर्ट बेडशीट, नगदी 1200 रुपए, एक अदद मोबाइल फोन ओप्पो का एक अदद तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त का चालान कर दिया। वही चोरी का खुलासा होने पर थानाध्यक्ष उतराव चंद भूषण मौर्य की लोगों ने जमकर तारीफ की। पुलिस ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त पर कई केश दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष उतरांव चन्द्र भूषण मौर्य, सुरेंद्र प्रताप राम अवतार, सिपाही सुधीर सिंह पवन सिंह जितेंद्र सिंह ने बहुत ही सक्रियता के साथ गिरफ्तार कर जेल की हवा खिला दी।

## अ०भा०ब्रा०महासभा रा. प्रयागराज जिलाध्यक्ष देवराज ने दी एमपी सरकार को कड़ी चेतावनी

**लालापुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. प्रयागराज के समस्त अधिकारियों एवं और कार्यकर्ताओं द्वारा आक्रोश जताया गया। मध्य प्रदेश रीवा में चौहान सरकार द्वारा उठाए गए मंदिर प्रांगण के ध्वस्त करने के विरोध में प्रयागराज जिलाध्यक्ष आचार्य देवराज द्वारा चेतावनी दी गई, मंदिर तोड़ने के इस कदम से शिवराज चौहान को मामा मारीच और किराए पर आई सरकार बताते हुए कहा कि अगर मंदिर के रखरखाव के लिए यदि कोई दूसरा विकल्प सरकार नहीं खोजती है तो इससे आहत होकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. प्रयागराज एक विशाल जन आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसका भुगतान सरकार को करना पड़ेगा सभी स्थानों पर ब्राह्मण को निशाने पर लेकर राजनीति खेलने वाली पार्टियों को ध्यान रहे जब जब ब्राम्हण बोला है तब तब सिंहासन डोला है।

प्रदेश सरकार के उन नेताओं को धिक्कार है जो ऐसे समय में मूर्ति बने हुए हैं रीवा के 3 विधायक श्यामलाल द्विवेदी, राजेंद्र शुक्ला, केपी त्रिपाठी, और एक सांसद जनार्दन मिश्र, ब्राह्मण होते हुए भी कलंकित कर रहे हैं सत्ता मैं बैठकर एक शब्द की भी कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं की गयी यह ब्राम्हण समाज जरूर अपने स्वाभिमान का बदला लेगा यह मंदिर भगवान परशुराम का नहीं टूटा है बल्कि करोडो ब्राह्मणों का स्वाभिमान टूटा है। जिला अध्यक्ष का कहना है कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में स्थापित हुई है तभी से ब्राह्मणों पर हो रहे अनगिनत अत्याचार दिनोत्तर वृद्धि पर हैं। जन आंदोलन की चेतावनी से पूर्व हुई लगातार तीन बैठकों में रूपरेखा निर्धारित करने में उपस्थित रहे प्रयागराज जिलाध्यक्ष आचार्य देवराज जिलापाध्यक्ष शिव चरण त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री कुलभास्कर तिवारी, (वेदपाठी माइकल) जिलामीडिया प्रभारी मनोज त्रिपाठी, जिला प्रभारी सुशील पांडे, जिला सचिव मार्तंड पांडे, अनिरुद्ध मिश्रा, शिव मिश्रा, राहुल दुबे, शुक्ला ब्रदर, लोकेश मिश्रा जी भोले तिवारी जी विनोद त्रिपाठी जी अमन जी क्रांति गुरु गणेश वल्लभ जी, आशुतोष त्रिपाठी, ओम प्रकाश शुक्ला जी, लक्ष्मी कांत पांडे जी, सौरभ त्रिपाठी जी, अंकित शुक्ला जी, सच्चिदानंद शुक्ला जी, अश्विनी तिवारी जी, बब्बन मिश्र जी, रत्नेश शुक्ला जी, विवेक तिवारी जी, गौरव शुक्ला जी, संदीप शुक्ला जी, आशीष चौबे जी, टिन्कु भैया,आचार्य विनोद मिश्रा जी,श्रीमान देव विनायक जी डॉक्टर देवेंद्र तिवारी जी अभिषेक शुक्ला जी अमित तिवारी जी डॉक्टर सुशील पांडे जी अरुण गर्ग जी उदित शर्मा जी उदित नारायण शुक्ला जी पिंटू चौबे जी पवन मिश्रा जी पंकज मिश्रा जी अखिलेश शुक्ला जी एडवोकेट अमरेश चंद्र शुक्ला जी? शिवम शुक्ला जी रोहित शुक्ला जी गाडी दुबे जी श्रीमान मनोज तिवारी जी मौर्य द्विवेदी जी मनोज पांडे जी राहुल शुक्ला जी मनीष तिवारी जी आदि समस्त लोग उपस्थित रहे उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मनोज त्रिपाठी ने दी।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0ः UPHIN2001/9025

## सीएमपी छात्र परिषद की उपाध्यक्ष प्रियंका पासवान व अन्य छात्रों ने जॉइन किया कांग्रेस की छात्र संगठन एनएसयूआई

**प्रयागराज।** रविवार को कांग्रेस की स्थापना दिवस के एक दिन पूर्व सीएमपी डिग्री कॉलेज की छात्र नेत्री प्रियंका पासवान ने कांग्रेस की छात्र विंग भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन में जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर द्वारा सदस्यता फॉर्म भरकर जॉइन किया । प्रियंका पासवान व अन्य छात्रों ने कहा कि लगातार छात्रों के लिए खड़े रहने वाली व छात्र हित में एनएसयूआई के संघर्ष को देखते हुवे प्रभावित होकर हमने एनएसयूआई जॉइन किया और हम संगठन के बैनर तले छात्राओं के बीच उनकी लड़ाई लड़ेंगे। जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि प्रियंका छात्राओं के हित में कार्यरत है इनको गर्ल्स डिग्री कॉलेजों में छात्राओं की मदद हेतु विशेष




कांग्रेस की छात्र संगठन एनएसयूआई जॉइन करते हुए सीएमपी छात्र परिषद की उपाध्यक्ष व अन्य

जिम्मेदारी संगठन द्वारा दी जावेगी। संगठन में जुड़ने वाली - प्रियंका पासवान, अमन सिंह, उत्कर्ष प्रजापति, सत्यम वर्मा, अंकित श्रीवास्तव इत्यादि लोग जॉइन किये। इस दौरान जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर, हरिकेश हैरी, धीरेंद्र सिंह उपस्थित रहें।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज सोमवार, 28 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### पीड़ित परिवार के मदद को बढ़े हाथ

**प्रतापगढ़।** शहर के अष्टभुजा नगर में टेंपो चला कर जीवन यापन करने वाले व्यक्ति के बीमार होने पर पूरा परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया। इसकी जानकारी जब के उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिशिर श्रीवास्तव को हुई तो उन्होंने अपने बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप पर लोगों से मदद की अपील की जिस पर उसके घर पहुंचे दर्जनों लोगों ने पीड़ित परिवार यथासंभव आर्थिक सहयोग के साथ खाने पीने के सामान उपलब्ध कराकर मदद की। बता दें कि अष्टभुजा नगर निवासी पोपट नामक व्यक्ति जो टेंपो चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण किया करता है। इतना ही नहीं इसका एक भाई है जो विकलांग है, उसकी भी जिम्मेदारी इसी को उठानी पड़ती है। ऐसी स्थिति में एक सप्ताह पूर्व अचानक तबीयत खराब हो जाने से आर्थिक स्रोत बंद हो गया। जिससे परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया और घर में खाने पीने की समस्याएं पैदा होने लगी। इसकी जानकारी जब एनएचएम संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिशिर श्रीवास्तव को हुई तो उन्होंने अपने व्हाट्सएप ग्रुप के साथ ही मोहल्ले वासियों से मिलकर मदद के लिए अपील की।

## तीन दिन के दौरे पर कौशांबी पहुंचे सीएम के दूत

### राजकीय धान खरीद केंद्र अझुवा मंडी पहुंचकर धान खरीद की किया समीक्षा



धान केंद्र का निरीक्षण करते नोडल अफसर भुवनेश कुमार

**अझुवा कौशाम्बी।** सरकार के आदेशानुसार नोडल अफसर भुवनेश कुमार कौशाम्बी पहुँचे है उन्होंने अझुवा मंडी समिति परिसर में संचालित धान क्रय केंद्र की हकीकत जानने के लिए नोडल अफसर भुवनेश कुमार वहां पहुंचे और मौजूद कृषकों से भी वार्ता की बाद में क्रय केंद्र में प्रभारी की बैठक लेकर धान खरीद की समीक्षा किया। मंडी समिति में नोडल अफसर भुवनेश कुमार रविवार को 1:00 बजे पहुंचे नोडल अफसर आने की जानकारी पाकर सुबह से ही खलबली मची थी साफ सफाई की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई धान क्रय केंद्र का बारीकी से नोडल अफसर भुवनेश कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया केंद्र प्रभारी से मंडी परिसर में चारों ओर फैले धान को तेजी से तौलने का निर्देश उन्होंने दिया जिससे किसानों को केंद्र में आने और तौल करवाने में किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े नोडल अधिकारी ने अभी तक की गई तौल व वहां लगे बोरो के विषय में भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार खरीद व्यवस्था से नोडल अधिकारी संतुष्ट दिखे समीक्षा के दौरान किसान अवध नरेश सिंह निवासी बगहा कनवार ने नोडल अधिकारी से लिखित में शिकायत करते हुए धान ना खरीदे जाने की शिकायत करते हुए बताया संबंधित लेखपाल की वजह से उसका धान नहीं खरीदा जा रहा किसान ने लेखपाल अशोक कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा उसका धान का सत्यापन कम किया गया पैसे की मांग पूरी न कर पाने की वजह से 63 कुन्तल धान का सत्यापन किया गया जबकि 122 कुन्तल मेरा धान खरीद होना चाहिए। किसान को नोडल अधिकारी ने संतुष्ट करते हुए शीघ्र ही उसके धान खरीदे जाने का आश्वासन दिया इस दौरान मंडी समिति एम आई राकेश चौरसिया ने बताया इस केंद्र पर 25000 कुंटल धान खरीदने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 19500 कुंटल धान खरीदा जा चुका है 11300 कुंटल धान का उठान हो चुका है 8200 कुंतल धान चट्टों पर लगा है इस अवसर पर नोडल अफसर के साथ कौशांबी डीएम अमित कुमार सिंह एडीएम मनोज अधिशासी अधिकारी अझुवा सूर्य प्रकाश गुप्ता एम आई राकेश कुमार चौरसिया एस एम आई अजय साहू यस एम् आई सीमा मौर्य मंडी समिति सचिव प्रभारी अझुवा गोपाल जी व्यापारी दीपक केसरवानी विकी केसरवानी सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे इस दौरान कई कृषक भी मौजूद रहे।

## झांसा देकर ठगा रुपया अब नहीं कर रहे वापस

### पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने सपा का दामन छोड़ पकड़ा भाजपा का दामन

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के पूरे कलापत चरवा के श्यामलाल ने उजिहनी गांव के लल्लू के झगड़ा लड़ाई के एक मामले में पूरा मुफ्ती थानेदार को रकम देने के नाम पर राहुल कुमार के माध्यम से बीस हजार रुपया लल्लू उजिहनी से ले लिया था लेकिन इस मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया जिस पर आरोपी गणों ने पूरा मुफ्ती थानेदार के नाम पर दिए गए अपने बीस हजार रुपए वापस मांगना शुरू कर दिया जिस पर आरोपी श्यामलाल ने रकम वापस नहीं किया मामला तूल पकड़ने लगा जब मामला तूल पकड़ने लगा तो श्याम लाल ने राहुल कुमार से मिन्नत की कि वह इस मामले को ठंडा करें और लल्लू को रूपया वापस कर दें जिस पर श्यामलाल के कहने पर राहुल ने लल्लू को रकम वापस दे दिया बीच माध्यम बनने वाले राहुल कुमार ने उजिहनी गांव के लोगों को बीस हजार रुपए की रकम वापस कर दी लेकिन अब इसी मामले में लोगों के नाम से ठगी करने वाले श्याम लाल ने राहुल कुमार को रुपए देने से इनकार कर दिया है कभी श्यामलाल सपा का झंडा लगाकर चलता था 20 हजार रुपए ना देने पड़े रातों-रात श्याम लाल ने भाजपा का दामन थाम लिया है अब भाजपाई उसके बचाव में उतर आए हैं श्यामलाल के विरुद्ध पीड़ित राहुल कुमार ने चरवा थाने को तहरीर देकर रुपए दिलाए जाने की मांग की है रातों-रात श्यामलाल ने समाजवादी पार्टी का झंडा उतार कर भाजपा का दामन थाम लिया है अब श्यामलाल के बचाव में भाजपा के लोग चरवा थानेदार पर दबाव बना रहे हैं कि श्यामलाल पर मुकदमा ना दर्ज हो वही दूसरा पक्ष जिसकी रकम श्यामलाल ने ठग ली है वह बार-बार अपने रकम वापस पाने के लिए चरवा पुलिस पर दबाव बना रही है कि उसकी रकम या तो दिलाई जाए या फिर श्यामलाल पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा पुलिस के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है कि वह भाजपा नेता के दबाव में श्यामलाल के गुनाह को माफ कर दे या फिर श्यामलाल पर कार्यवाही करते हुए पीड़ितों की रकम वापस दिलाएं कई दिन बीत जाने के बाद भी चरवा पुलिस इस मामले में किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

## पूर्व प्रधान के बेटे को पुलिस ने पकड़ा, हंगामा

**मान्धाता।** ग्राम प्रधान के बेटे को पुलिस ने जुए की फड़ चलाने के आरोप में पकड़ लिया तो बाजारवाले इकट्ठा हो गए। बाजार से पुलिस चैकी तक पुलिसवालों की भीड़ में शामिल लोगों से कई बार कहासुनी हुई। सीओ ने पकड़े गए आरोपित को छोड़ा तो लोग शांत हुए।

मानधाता थाना क्षेत्र के छितपालगढ़ निवासी पूर्व प्रधान ताऊ गुप्ता किराना व सीमेंट की दुकान चलाते हैं। देल्हूपुर पुलिस का आरोप है कि ताऊ का बेटा संजय जुए की फड़ का संचालन करता है। रविवार सुबह करीब नौ बजे सादे कपड़ों में पहुंची पुलिस ने संजय को पकड़ लिया। बाजारवालों ने इकट्ठा होकर उसे छुड़ा दिया और पुलिस से कहासुनी होने लगी। पुलिस से कहासुनी की खबर पाकर देल्हूपुर चैकी प्रभारी राजेश राय छितपालगढ़ पहुंचे और ताऊ गुप्ता को पकड़कर पुलिस चैकी ले आए। इसके बाद छिपतालगढ़ बाजार से भीड़ भी पुलिस चैकी पहुंच गई और ताऊ को छोड़ने का दबाव बनाने लगी। लोगों ने सांसद से भी शिकायत की।चैकी पर हंगामे की खबर पाकर सीओ रानीगंज अतुल अंजान त्रिपाठी मानधाता एसओ व फतनपुर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। ताऊ को अपराह्न करीब तीन बजे छोड़ दिया। ताऊ के छूटने पर भीड़ भी खत्म हो गई। देल्हूपुर चैकी प्रभारी राजेश राय का कहना है कि संजय के खिलाफ सूचना मिली थी कि वह जुए का संचालन करता है। उसे समझाने के लिए पुलिस रविवार को गई तो उसके पिता के साथ के लोगों ने पुलिस से बदसलूकी करते हुए भगा दिया। इसीलिए उसके पिता को पकड़कर चैकी लाया गया था। सीओ के कहने पर छोड़ दिया गया। इस मामले में मानधाता एसओ सत्येन्द्र राय बात करने को तैयार नहीं हुए।

### आधी रात जुए की फड़ पर छापेमारी, अफरातफरी

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** कुंडा मझिलगांव बाबूगंज बाजार में एक घर के पीछे कई दिन से पूरी रात जुए की फड़ सजने की खबर पुलिस को मिली। एसएसआई सुरेश सिंह चैहान ने फोर्स के शनिवार रात करीब दो बजे छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही लोग भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर आधा दर्जन लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए जुआरियों में अत्तानगर का अंकुर, धर्मेन्द्र कुमार, गांधी नगर का राजू, अमित, तिलौरी का अशोक कुमार, जितेन्द्र कुमार शामिल रहे। आरोपितों के पास 23 हजार 340 रुपये नकद, ताश के पत्ते व अन्य सामान बरामद हुए। बाद में सभी को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया।

### पहले टक्कर मारी, फिर लात-घूंसों से पीटा

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** बाइक सवार युवक को रंजिश में चार पहिया सवार लोगों ने टक्कर मार दी। शोर मचाने पर उसे लात-घूंसों से जमकर पीटा। आसपास के लोग दौड़े तो आरोपित जान से मारने और घर जला देने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।नवाबगंज थाना क्षेत्र के बक्शा की बाग आलापुर के रोहित कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात वह बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहा था। घर के सामने सड़क पर पहुंचा तो गांव के पांच लोग स्कॉपियो से पहुंचे। उसकी बाइक में ठोकर मारकर गिरा दिया। इसके बाद गाड़ी से असलहा लेकर उतरे और गाली देते हुए लात-घूंसों से पीटा।

### चार के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस

**प्रतापगढ़।** सीओ के निर्देश पर चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट तथा दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। प्रतापरूद्रपुर निवासी ओमप्रकाश मौर्या ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस दिसम्बर को सायं साढ़े पांच बजे गांव के सामुदायिक शौचालय पर कुछ लोग मौजूद थे। इसी बीच गांव के अखंड प्रताप सिंह, अशोक सिंह तथा अभय सिंह व अजय प्रताप सिंह ने अचानक गांव के रामसूरत कोरी को लाठी डंडे तथा हॉकी से मारने पीटने लगे। आरोपियों ने तमंचा निकालकर जाति सूचक गाली गलौज करते हुए दहशत का माहौल भी बना दिया। मारपीट में आरोपियों ने वहां मौजूद पवन के दाहिने हाथ को भी जख्मी कर दिया। पीड़ित ने सीओ जगमोहन से मिलकर आपबीती सुनाई। सीओ के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने रविवार को आरोपी अजय प्रताप सिंह समेत चार के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है।

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रतापगढ़।** युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।कंधई थाना क्षेत्र के मंगरौरा निवासी जय प्रकाश चैरसिया मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके तीन बेटों व दो बेटियों में दूसरे नम्बर की प्रिया (18) ने हाईस्कूल के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। रविवार सुबह करीब छह बजे उसकी छोटी बहन उसे जगाने गई तो प्रिया पंखे के चुल्ले में रस्सी से बने फांसी के फंदे पर लटक रही थी। छोटी बहन की चीख सुनकर घरवाले दौड़कर पहुंचे और आननफानन उसे फंदे से उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। गांव के एक युवक से प्रेम संबंध के बाद डांट-फटकार की चर्चा रही लेकिन परिजनों ने इसे अफवाह बताया।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** मानिकपुर के साहूमई के चैबेलाल की पत्नी मगरहिन (56) ने पारिवारिक विवाद में घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी तो घबराए परिजन उसे सीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

## नहीं प्रकाशित हुई मतदाता सूची, निराश हुए दावेदार

**प्रतापगढ़।** जिला प्रशासन के दावे के बाद भी पंचायत मतदाता सूची का प्रकाशन रविवार को नहीं हो सका। पंचायत निर्वाचन कार्यालय से मतदाता सूची लेने पहुंचे लोगों को निराश लौटना पड़ा। हालांकि जिला प्रशासन प्रकाशन का दावा कर रहा है।

यह प्रकाशन कहां हुआ, इसे कोई नहीं बता पा रहा है।पंचायत सूची मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान नए मतदाताओं का नाम जोड़ने और मृतकों का नाम विलोपित करने की फीडिंग तहसीलवार की जा रही थी। जिलाधिकारी ने नाम फीडिंग करने वाली फर्म को ज्यादा ऑपरेटर लगाकर 26 दिसंबर तक काम पूरा करने का निर्देश दिया था, ताकि 27 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा सके। रविवार को मतदाता सूची प्रकाशित हो जाने की उम्मीद में कई दावेदार अपनी ग्राम पंचायत की सूची प्राप्त करने के लिए निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। लेकिन प्रकाशन न हो पाने की वजह से सूची उन्हें नहीं मिल पाई। उन्हें बताया गया कि तहसील से सूची नाम फीड करने वाली फर्म को मिल गई है, लेकिन फर्म ने अभी उसे निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया है। इस पर लोगों को निर्वाचन कार्यालय से निराश लौटना पड़ा।नाम फीडिंग करने वाली फर्म तक पहुंचे लोग रू पंचायत मतदाता सूची में नाम फीडिंग और विलोपित करने वाली फर्म के पास रविवार को कई लोग अपने गांव की सूची लेने पहुंच गए। मगर वहां भी उन्हें नहीं मिली। सूत्रों के अनुसार कुछ लोग मतदाता सूची पाने में कामयाब भी रहे, लेकिन ज्यादातर को निराश लौटना पड़ा।

## दलित युवती और भाजपा नेता की पिटाई करना उपनिरीक्षक को पड़ा महंगा

**कौशाम्बी।** चरवा थाने में तैनात उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह के कारनामे को संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह ने चरवा थाना से उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह को हटाकर लाइन का रास्ता दिखा दिए हैं। अभी कुछ दिन पहले ही एसओजी से चरवा थाने में उन्हें नई तैनाती मिली थी। नई तैनाती के दौरान ही इनका कार्यकाल क्षेत्रीय जनता के प्रति निर्दयतापूर्ण रहा है। क्षेत्रीय जनता के बीच इनका व्यवहार ठीक नहीं रहने के कारण हमेशा विवादों से इनका कार्यकाल भरा रहा। इनके द्वारा एक भाजपा नेता को थाने में बंद कर बेरहमी से लाठियों से पीटा उसके कुछ दिन बाद ही उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह के द्वारा एक दलित युवती की पिटाई इस कदर कर दी गई थी कि थर्ड डिग्री की यातना भी पनाह मांग गई। भाजपा नेता और दलित युवती की पिटाई से संबंधित खबर जनसंदेश टाइम्स अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित की गई जिसे साफ छवि की पहचान बना चुके पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेकर उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिए हैं।

## नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे की ठगी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव निमिया मजरा सैयद सरावां निवासी संजय कुमार पुत्र सुन्दर लाल पासी ने बताया है कि रेलवे ग्रुप डी में मुझे नौकरी दिलाने के लिए मुझसे एक व्यक्ति ने एक लाख रुपया लिया आरोपी पूरे अयोध्या मजरा चरवा का रहने वाला है जो कि संजय कुमार को बड़ी बड़ी बातें बताकर उससे नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये ठग लिया लेकिन पीड़ित को नौकरी तो आज तक नही दिला पाया है जबकि दो साल पूर्व में एक लाख रुपये दिया गया था। बहुत मांगने पर आरोपी ने पचास हजार रुपये वापस दे दिया है लेकिन बाकी के बचे पचास हजार रुपये देने को वह आनाकानी कर रहा है जब भी संजय कुमार अपने शेष पैसे की मांग करता है तो पैसे नही देने की बात कहते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए वह कहता है कि अब हम तुम्हारे पैसे नही देगें तुम्हे जो करना है जाकर कर लो पीड़ित ने इस ठग से तंग होकर चरवा थाने जाकर लिखित तहरीर दिया है।

## अटल स्मृति कवि सम्मेलन में बही राष्ट्रीयता की धार

**प्रतापगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती स्मृति को लेकर सांगीपुर क्षेत्र के कटरा क्षत्रधारी दूल्हेपुर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में विभिन्न विधाओं के कवियों ने रचनाएं प्रस्तुत कर कालजयी अटल के व्यक्तित्व पर श्रद्धापुष्प अर्पित किए। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। सतेंद्र मिश्र मृदुल ने मां सरस्वती की वन्दना प्रस्तुत की। साहित्यकार अर्जुन सिंह ने पढ़ा - आइए कुछ क्षण बिता लें... भी सराही गई। वहीं श्याम शंकर शुक्ल की कविता हमने माना कि नीम बेर नही हो सकती है, नेक इरादों की नीव ढेर नही हो सकती है भी सराही गई। मुख्य अतिथि सांसद संगमलाल गुप्ता ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी देश ही नही दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नेता थे। विशिष्ट अतिथि रामानुज दास अनुरूद्धाचार्य ओमप्रकाश पांडेय ने कहा कि कवि समाज और देश को दिशा दिया करते हैं। इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा कवियों एवं पत्रकारों को लेखनी सम्मान प्रदान किया गया। कवि गोष्ठी में अनिल त्रिपाठी प्रवात, गजेंद्र सिंह विकट, प्रीती पांडेय, हरिबहादुर सिंह हर्ष, सुरेश नारायण व्योम आदि रहे।

## राष्ट्र निर्माण में मिशन पत्रकारिता महत्वपूर्ण कड़ी : मोती सिंह

**प्रतापगढ़।** नगर के शैलश्याम में रविवार को प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह का शुभारम्भ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन कर किया। साहित्यकार सुनील प्रभाकर ने मां सरस्वती की वन्दना प्रस्तुत की। इसके बाद समारोह का मुख्य कार्यक्रम शपथ ग्रहण करतल ध्वनि के बीच हुआ। कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष जान मोहम्मद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंदन सिंह, उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, महामंत्री मनीष ओझा, संगठन मंत्री सौरभ शर्मा, कोषाध्यक्ष आशुतोष खरे, प्रकाशन मंत्री बबलू राय, को पद एवं कर्तव्य के प्रति निष्ठा का संज्ञान कराया। बतौर मुख्य अतिथि मंत्री मोती सिंह ने कहा कि पत्रकारिता लोक तंत्र के सजग प्रहरी के रूप में स्वस्थ्य समाज एवं मजबूत राष्ट्र के निर्माण की सबसे मजबूत मिशन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करती आ रही है। उन्होने जनपद में प्रेस क्लब के लिए भवन की उपलब्धता हेतु जिले के सांसद तथा सभी विधायकों के साथ मिलकर अगले माह कार्य मंत्रणा का भी ऐलान किया। सांसद संगमलाल गुप्ता ने पत्रकारिता को लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी ठहराया। रानीगंज विधायक धीरज ओझा तथा सदर विधायक राजकुमार पाल ने पत्रकारिता के जरिए सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना के विकास में योगदान पर अपनी परिचर्चा रखी। रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने पत्रकारिता को जनपक्ष पर आधारित होने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।




शैल श्याम में शपथ ग्रहण करते प्रेस क्लब के नवनिवार्चित पदाधिकारी

## गांव के सतत विकास के लिए संकल्पित : तूफान सिंह

**प्रतापगढ़।** कहते हैं काम करने की लगन और विकास करने की चाहत हो तो वह दिन दूर नही जब कामयाबी आपके न चूमे । कुछ ऐसा ही कर दिखाया है जनपद के कटैया गांव के प्रधान प्रतिनिधि राजेश उर्फ तूफान सिंह ने, जिन्होने अपने लगन के बदौलत गांव का कायाकल्प कराकर गांव के नक्शे को ही बदल दिया । गांव मे बने प्राथमिक माडल स्कूल, पार्क, शवदाह गृह एंव गौशाला की सुन्दरता व व्यवस्था देख लोग जहां उसकी सराहना करते नही थकते वहीं पर गांव मे बैंक, पंचायत भवन, पीएचसी, आंगनवाडी केन्द्र, होम्योपैथिक अस्पताल, गांव के हर गली मे इन्टरलाकिंग खडंजा, गांव के हर घर तक बिजली की रोशनी की किरण पहुचांना, स्वच्छ पेय जल के तहत हैन्डपम्प आदि गांव के अधिकांश घरों को उपलब्ध कराना, प्रस्तावित खेल मैदान एंव पालीटेक्निक कालेज आदि की गांव मे उपलब्धता कराने को लेकर गांव के ग्रामीणों के अलांवा जनपद के लोगों द्वारा गांव के विकास के लिए सदैव तत्पर रहने वाले प्रधान प्रतिनिधि की सराहना करते नही थकते । प्रधान प्रतिनिधि तूफान सिंह बताते हैं कि उनके द्वारा गांव को आदर्श गांव की श्रेणी मे लाना एंव गांव तथा समाज के लिए सदैव जनहित मे कार्य करना उनका लक्ष्य था जो वो कर रहे हैं ।उ.प्र.सरकार के दिशा निर्देश पर जनपद के इस गांव मे बने गौ आश्रय केन्द्र मे चार सौ छिआलिस गायों की देखभाल एंव उनके खाने - पीने से लेकर उनके चिकित्सा आदि के लिए भी व्यवस्थाएं तो की ही गई हैं साथ उन्हे ठन्ड से बचने के लिए अलांव की भी व्यवस्था किया गया है।



लोगों का सम्बोधित करते तूफान सिंह।

## डीएम ने दो क्रय केन्द्रों की खरीद रोकी

**प्रतापगढ़।** किसानों के धान की तौल खरीदने के बाद 72 घंटे से अधिक का समय बीतने पर भी भुगतान नहीं करने पर डीएम डॉ. रूपेश कुमार ने नेफेड संस्था के दो क्रय केन्द्रों पर खरीद पर रोक लगा दी है।विकास खंड पट्टी के भांटपट्टी व सांगीपुर के राजापुर स्थित क्रय केन्द्र पर किसानों से धान खरीदने के बाद उनका भुगतान नहीं किया गया। समीक्षा में क्रय केन्द्र प्रभारी की लापरवाही उजागर होने पर दोनों क्रय केन्द्र की खरीद पर रोक लगा दी गई।

डीएम ने संस्था प्रमुख को निर्देशित किया है कि 24 घंटे के अंदर खरीदा गया धान राइस मिल पर भेजने के साथ किसानों का बकाया भुगतान करा दें। जिला विपणन अधिकारी अजीत कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दोनों क्रय केन्द्र पर खरीद रोक दी गई है और भुगतान कराने की प्रक्रिया चल रही है।

## पट्टी विधानसभा में लगातार हो रहा पार्टी का विस्तार

**प्रतापगढ़।** मिशन 2022 के तहत लगातार हो रहा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी का विस्तार ।जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने पट्टी विधानसभा के नगर स्थित कार्यालय पर मिशन 2022 के तहत एक दर्जन से अधिक युवाओं को पार्टी विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर मनोनीत किया और कई युवाओं को पार्टी की सदस्यता प्रदान की गई। पट्टी विधानसभा के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज एवं जिला अध्यक्ष राम अचल वर्मा और युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी की सहमति एवं निर्देश पर कार्यालय पर पट्टी विधानसभा में आज पुनरू पार्टी का विस्तार करते हुए विधानसभा पट्टी में प्रिंस सिंह को उपाध्यक्ष, धनंजय ओझा को सचिव, आनंद पांडेय को कोषाध्यक्ष, सैयद नौशाद को महासचिव एवं आकाश वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य व ब्लॉक पट्टी में अमन सिंह को उप सचिव, राज बहादुर पाल को उपाध्यक्ष,सुभाष सिंह को सचिव एवं धीरज सिंह को सदस्य कार्यकारिणी, और ब्लाक मगरौरा में अंशु सिंह को महासचिव व ब्लॉक आसपुर देवसरा में मयंक श्रीवास्तव को सचिव, एवं शेरा वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य, एवं बाबा बेलखरनाथ ब्लॉक में प्रदीप श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी, जिला सचिव कपीश्वर उर्फ चंदन सिंह एवं विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक शुक्ल, प्रधान महासचिव अमित चैरसिया, महासचिव राजा अमन सिंह एवं राहुल दुबे, उपाध्यक्ष रत्नाकर पांडे, सचिव अनुज सिंह, एवं पट्टी ब्लॉक के अध्यक्ष मारूफ खान, एवं प्रधान महासचिव विकास तिवारी, ने संयुक्त रूप से नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान किया।




एक दर्जन से अधिक युवाओं को कइ पदों पर मनोनीत किया

### रामापुर बाजार को नगर पंचायत बनाने की मांग

**प्रतापगढ़।** रामापुर बाजार को व्यापारियों ने नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने की मांग की है। इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा गया।व्यापार मंडल रामापुर के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र व महामंत्री अमित कुमार वैश्य के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शनिवार देर शाम रानीगंज विधायक अभय कुमार ओझा उर्फ धीरज को ज्ञापन सौंपा। बताया कि यह इलाके का सबसे पुराना और बड़ा बाजार है। इसे नगर पंचायत का दर्जा दिलाया जाए। इस पर विधायक ने आश्वासन देते हुए जल्द प्रक्रिया शुरू कराने की बात कही। इस दौरान शिवम ओझा, मदन गुप्ता, शुभम तिवारी, पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार, गोलू दुबे आदि रहे।

## बंदियों के पुराने कंबल से गौवंशो के लिए बनाए जा रहे कोट

### जेल अधीक्षक के निर्देश पर कैदी ही बना रहे गोवंशों के कोट

**कौशाम्बी।** जिला प्रशासन की पहल पर जिला जेल के बंदियों ने अनोखी पहल शुरू कर दी है जेल के पुराने कंबल से अब गोवंश के लिए जेल में कोट बनाना कैदियों ने शुरू कर दिया है पुराने कंबल से कोट बनाकर गोवंश को पहनाया जाएगा जिससे ठंड से उन्हें बचाव हो सके जेल में अब तक 150 से अधिक कोट बनाए जा चुके है। जिला जेल में पुराने कंबल से कोट बनाने का कार्य तेजी से जारी है कौशांबी जिला जेल की अनोखी पहल से जिले के 60 गौशाला में गोवंशों को कोट पहनाया जाएगा पीएम मोदी ने मन की बात में काम की सराहना की है मुख्यालय से सटे बंधवा रजबर गांव के गौशाला में डीएम, एसपी सहित अन्य अफसर पहुंचे हैं और जिला जेल के कैदियों द्वारा पुराने कंबल से बनाए गए 60 कोट को गोवंश को पहनाया है।